प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-27
14/01/2017

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया

पटना, 14 जनवरी 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि सुरजीत सिंह बरनाला के निधन की खबर से बहुत दुखी हूँ। उनके निधन से देश ने एक महान, लोकप्रिय एवं दूरदर्शी नेता खो दिया है। उन्होंने अपने लम्बे राजनैतिक जीवन में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******